सोमवार

12 दिसम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




प्रेमी ने साथ रहने से किया इंकार तो किन्नर ने खाया धतूरा, हालत गंभीर 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## समस्तीपुर में खिचड़ी खाने से एक ही परिवार की दो बच्चियों की मौत

**पटना।** बिहार के समस्तीपुर में खिचड़ी खाने से एक ही परिवार की दो बच्चियों की मौत हो गई। एक बच्ची की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चियों की तबीयत खिचड़ी खाने के बाद बिगड़ी थी। जिसके बाद आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में ढाई साल की मीठी कुमारी और 2 साल की वैष्णवी शामिल है। जबकि 4 साल की काव्या कुमारी का इलाज जारी है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। मामला विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पतैलिया वार्ड 7 का है।

## पटना जिले के बिहटा में अपराधियों ने एक युवक को मारी गोली

**पटना।** राजधानी में अपराधी लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। बेलगाम अपराधियों ने एक बार फिर से पटना में सरेआम शख्स को गोली मार दी। वारदात पटना के बिहटा थाना इलाके की है। जहां कन्हौली के पास बाइक सवार दो अपराधियों ने शख्स को गोली मार दी है और हथियार चमकाते हुए मौके से फरार हो गये। गोली लगने से घायल कन्हौली निवासी नीरज कुमार को इलाज के लिए परिजनों ने आनन-फानन में पटना में भर्ती कराया है। कहा जा रहा है कि नीरज को एक गोली उसकी कमर में लगी है। वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे का कारण आपसी विवाद है। दो दोस्तों के बीच विवाद हुआ था।

## कर्नाटक के मंदिरों में अब सलाम आरती नहीं संध्या आरती होगी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सभी मंदिरों में होने वाली सलाम आरती को अब संध्या आरती के नाम से जाना जाएगा। हिंदू मंदिरों की देखरेख करने वाली सर्वोच्च सरकारी संस्था ने शनिवार को छह महीने पुराने एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें टीपू सुल्तान के शासनकाल के समय से फारसी नाम से पुकारे जाने वाले इस परंपरा का नाम बदलकर संस्कृत में रखने की मंजूरी दी गई है। राज्य धार्मिक परिषद के सदस्य और विद्वान काशेकोडी सूर्यनारायण भट ने पहले कहा था कि ये नाम टीपू के शासनकाल के दौरान हिंदू मंदिरों पर थोपे गए थे। उन्होंने कहा था कि सलाम शब्द हमारा नहीं है।

### जदयू का खुला अधिवेशन: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना, बोले- विस चुनाव में हमें नुकसान हुआ

# 2020 के चुनाव में भाजपा ने जदयू के खिलाफ किया था काम

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में रविवार को आयोजित जदयू के खुला अधिवेशन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन में होने के बावजूद जेडीयू के खिलाफ काम किया गया। यही कारण है कि हमारी सीट कम आई। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा कि अगर बीजेपी का विरोध करने वाले दल एक साथ आने पर सहमत हो जाएं, तो वे 2024 के लोकसभा चुनाव में 'भारी बहुमत' से जीत सकते हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने कहा कि गेंदे अब उनके पाले में है। फैसला उन्हीं लोगों को लेना है।

नीतीश कुमार ने कहा कि कुढ़नी में जीत गए तो बीजेपी को बड़ी खुशी है। दो जगह हारे भी हैं, लेकिन उस पर कोई चर्चा नहीं हो रही। नीतीश कुमार ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी समाज में झंझट करवाना चाहती है। हमारी पार्टी में सभी जाति-धर्म के लोग हैं। महागठबंधन में शामिल सभी दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। नीतीश कुमार ने बीजेपी का नाम लिए बिना कहा कि उन्हें याद दिलाना चाहिए कि इससे पहले कभी भी हमारी पार्टी को 2005 या 2010 के विधानसभा चुनाव में इतनी कम सीट नहीं मिली। 2020 में हमें नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि उन्होंने हमारे उम्मीदवारों की हार सुनिश्चित करने की कोशिश की।



- बीजेपी विरोधी दल साथ आ जाएं, तो 2024 के चुनाव में महागठबंधन को मिलेगी जीत
- समाज में झंझट करवाना चाहती है बीजेपी, हमारी पार्टी में सभी जाति-धर्म के लोग

**केंद्र से बिहार को कुछ नहीं मिल रहा:** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को केंद्र की मोदी सरकार से कुछ नहीं मिल रहा था। विशेष दर्जे की मांग नहीं मानी गई। पीएम मोदी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वह उस राज्य से आते हैं, जो ब्रिटिश शासन के समय से ही समृद्ध रहा है। गरीब राज्यों का विकास किए बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता है।




### देश मांगे नीतीश... का कैलेंडर

रविवार को पटना में जदयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक भाग लेने आये झारखंड के नेताओं ने एक कलेंडर जारी किया। उसमें देश मांगे नीतीश लिखा हुआ है। इस कलेंडर के सामने आने के बाद बिहार की सियासी हलके में 'देश मांगे नीतीश' की चर्चा जोरों पर हो रही है।

### कुशवाहा बोले... नीतीश कुमार के नेतृत्व में लाल किले पर कब्जा जमाएंगे

जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राष्ट्रीय स्तर पर मांग है। कपूरी ठाकुर के अरमानों को नीतीश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली तक पहुंचाना है। जदयू के खुला अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार को दिल्ली में पीएम पद तक पहुंचाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। कुशवाहा ने कहा कि 6 महीने हम संघर्ष करेंगे फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में लाल किले पर कब्जा करेंगे। इस दौरान उन्होंने जजों की बहाली प्रकिया पर भी सवाल किया। कुशवाहा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जजों की बहाली होती, वह गैर संविधानिक व्यवस्था है। कोलेजियम सिस्टम से नाते रिश्तेदार जज बनते हैं। भारत सरकार जजों को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रही है, यह और खतरनाक है। उन्होंने मांग की कि कोलीजियम हटाकर प्रतियोगिता से जजों की बहाली होनी चाहिए।

## ललन सिंह का दावा: 2024 के लोस चुनाव में भाजपा मुक्त हो जाएगा देश

- बिहार में 40 में से 40 लोकसभा की सीटें हमारे पक्ष में आएंगी
- 7 दलों के एकजुट होने से भाजपा को सभी सीटों पर हार का सामना करना पड़ेगा

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश भाजपा मुक्त हो जाएगा। उन्होंने पटना में चल रहे जदयू के खुला अधिवेशन में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए 2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने का दावा किया। ललन सिंह ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चाहे बिहार हो या अन्य राज्य हर जगह अगले चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। बिहार में 40 में से 40 लोकसभा की सीटें हमारे पक्ष में आएंगी। उनका दावा महागठबंधन को लेकर रहा कि 7 दलों के एकजुट होने से भाजपा को सभी सीटों पर हार का सामना करना पड़ेगा। जेडीयू के खुला अधिवेशन में देश भर से आए पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ललन सिंह के निशाने पर भाजपा रही। उन्होंने भाजपा के मौजूदा समय में 303 सांसद होने पर कहा कि कई राज्यों में उन्हें ज्यादा से ज्यादा सीटें आई हैं। लेकिन जब 2024 के चुनाव होंगे तब यह पूरी तरह से तय है कि उनकी सीटें कम होंगी। ऐसे में उनकी सीटें घटेंगी और विपक्ष की बढ़ेगी और इस स्थिति में उन्हें पटखनी देना बड़ी बात नहीं है। ललन सिंह ने जदयू कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हम अगले चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। न सिर्फ बिहार बल्कि अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के उम्मीदवारों की जोरदार जीत होगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के एमसीडी चुनाव परिणाम में भाजपा को मिली हार की ओर इशारा करते हुए इसे आने वाले समय में भाजपा की होने वाली हार की शुरुआत की भांति बताया। उन्होंने जदयू को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने के लिए सभी बेहतर तरीके से पार्टी की मजबूती के लिए काम करने की अपील की।

# उप्र के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टेली परामर्श के साथ-साथ दवाई भी मिलेगी : योगी

**एजेंसी/वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वाराणसी में कहा कि हर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में नियमित आधार पर टेली-परामर्श के साथ-साथ दवाई भी उपलब्ध होगी। इसके लिए सभी एचडब्ल्यूसी में हेल्थ एटीएम लगाए जाएंगे। उन्होंने कोविड महामारी के प्रबंधन में भारत की सफलता को लेकर कहा कि हमने दुनिया को एक उत्कृष्ट मॉडल दिया है। जब दुनिया भर में लोगों ने सरकारों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का विरोध किया तब भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों द्वारा कोविड दिशा-निदेशों और नियमों का उत्साहपूर्वक पालन किया गया। भारत ने महामारी को अपने स्वास्थ्य ढांचे में तेज गति से सुधार करने के अवसर के रूप में लिया। हमने गुणवत्तापूर्ण टीके बनाए, जिनकी प्रभावशीलता पूरी दुनिया में साबित हुई है।

### बीते 8 साल में देश में हुआ उल्लेखनीय परिवर्तन



वाराणसी के सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने रविवार को स्वास्थ्य मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में पिछले 8 वर्षों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। वर्ष 2014 में केवल 6 एम्स थे और वर्तमान में 22 एम्स हैं। यह सभी या तो चालू हैं या देश भर में संचालन शुरू करने के कगार पर हैं। यूपी में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के कामकाज को दिनोंदिन मजबूत किया जा रहा है।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- विचार-मंथन सत्र से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार पर बल मिलेगा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पुनर्विचार और सुधार के लिए अतिरिक्त बढ़ावा देने में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि सीएचओ अग्रणी कड़ी हैं जो अत्याधुनिक रूप से काम कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वे मैदान की स्वास्थ्य सेना हैं।

## बेगूसराय में वारंट निकालने वाले जज को जान से मारने की धमकी

**पटना।** बिहार में जज भी सुरक्षित नहीं हैं। बेगूसराय में वारंट निकालने वाले जज को जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीजीएम के द्वारा मामला दर्ज करवाए जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

वहीं घटना को लेकर जिला अधिवक्ता संघ आक्रोशित है। संघ ने कहा कि समाज में आपराधिक सोच व मानसिकता पागलपन के दौर से गुजर रही है। न्यायपालिका पर हमला समाज के लिए खतरनाक है। अधिवक्ता संघ ऐसी सोच की तीव्र भर्त्सना करता है। मिली जानकारी के अनुसार सीजेएम को 22 नवंबर को डाक से उनके दफ्तर में एक बंद लिफाफा आया। इसमें एक पत्र के माध्यम से शालिग्राम कनौजिया केयर ऑफ रामाशीष दास के द्वारा गैर जमानती वारंट जारी करने पर उनको जान से मारने की धमकी दी गई है।

# ग्रामीण चिकित्सकों को मिला सम्राट का साथ

**केटी न्यूज/पटना**

- अपनी मांगों को लेकर बिहार के करीब एक हजार ग्रामीण चिकित्सकों ने दिया धरना
- पूर्व मंत्री सम्राट चौधरी बोले- इनके मुद्दों को विधानसभा के सत्र में उठाएंगे

बिहार भर के ग्रामीण चिकित्सकों ने आज पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर धरना दिया। करीब एक हजार की संख्या में जुटे ग्रामीण चिकित्सकों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार ग्रामीण चिकित्सकों के रेगुलर सर्टिफिकेट कोर्स की व्यवस्था तो करे ही विभाग से रजिस्ट्रेशन कराकर उनको स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़े। ग्रामीण चिकित्सकों की सुरक्षा का सवाल भी अहम है जिस पर सरकार को काम करना चाहिए। चौधरी ने ग्रामीण चिकित्सकों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे को विधानसभा सत्र के दौरान उठाएंगे और संघर्ष में भागीदार बनकर अंजाम तक पहुंचाएंगे।

बिहार विधान परिषद के सदस्य देवेश कुमार ने कहा कि कोविड के दौर में आम जनता की जान बचाने में ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका अहम रही है और ग्रामीण चिकित्सक समाज की सेवा निस्वार्थ भाव से कर रहे हैं। प्रधानमंत्री भी स्वास्थ सुविधाओं की बेहतरी के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की योजना पर काम कर रहे हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ० निखिल आनंद ने कहा की ग्रामीण चिकित्सकों के सहयोग और सेवा लिए बिना बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र का कायाकल्प किया ही नहीं जा सकता है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दी तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों की सौगात

# आयुर्वेद हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है : मोदी

**एजेंसी/गोवा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गोवा पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां 3 राष्ट्रीय आयुष संस्थानों का उद्घाटन किया। इसमें अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईएम) भी शामिल है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में अधिकतम सुविधाएं हैं। यह जनता में आयुर्वेद के बारे में जागरूकता पैदा करेगा। जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पणजी में 9वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में एम्स के आयुष अस्पताल का उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन और दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी का वर्चुअल उद्घाटन किया।



पीएम ने कहा कि अपने ज्ञान, विज्ञान और सांस्कृतिक अनुभव से विश्व के कल्याण का संकल्प अमृत काल का बड़ा लक्ष्य है, आयुर्वेद इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है। कहा कि मुझे यकीन है कि ये तीनों संस्थान आयुष हेल्थ केयर व्यवस्था को नई गति देंगे। मोदी ने कहा कि आयुर्वेद इलाज से आगे बढ़कर कल्याण की बात करता है और कल्याण को बढ़ावा देता है। विश्व भी अब तमाम परिवर्तनों और प्रचलनों से निकलकर इस प्राचीन जीवन दर्शन की तरफ लौट रहा है। मुझे खुशी है कि भारत में इसको लेकर बहुत पहले से ही काम शुरू हो चुका है।

उन्होंने कहा किकुछ लोग समझते हैं कि आयुर्वेद, सिर्फ इलाज के लिए है लेकिन इसकी खूबी ये भी है कि आयुर्वेद हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है...आयुर्वेद हमें सिखाता है कि हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर की तरह ही शरीर और मन भी एक साथ स्वस्थ रहने चाहिए, उनमें समन्वय रहना चाहिए।

### मोपा एयरपोर्ट का उद्घाटन

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे। इस एयरपोर्ट को गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री और दिवंगत भाजपा नेता मनोहर पर्रिकर के नाम से जाना जाएगा।

### नागपुर को दी यह सौगात

पीएम मोदी ने नागपुर-मुंबई ह्यसमृद्धि एक्सप्रेसवेह्व के पहले चरण का उद्घाटन किया। कुल 520 किलोमीटर लंबा पहला चरण नागपुर को अहमदनगर जिले के शिरडी से जोड़ता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### देश को शॉर्टकट राजनीति नहीं, सतत विकास की जरूरत

नागपुर में मोदी ने कहा कि देश को शॉर्टकट राजनीति नहीं, बल्कि सतत विकास की आवश्यकता है। उन्होंनेकुछ राजनीतिक दलों पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने का आरोप लगाया। कहा कि इससे पहले करदाताओं का धन भ्रष्टाचार एवं वोट बैंक की राजनीति में नष्ट हो जाता था। पीएम ने महाराष्ट्र में 75,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद कहा कि पिछले आठ वर्ष में भारत में बुनियादी ढांचे के विकास में मानवीय पहलू शामिल रहा है।






CMYK

# कुंडेश्वर को 2-0 से हरा दक्षिण एकौना ने जिला फुटबॉल लीग पर किया कब्जा

- राधा शरण सिंह कप के फाइनल मैच के पहले महिला फुटबॉल फैंसी मैच का हुआ आयोजन
- एकौना के सूरज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

**केटी न्यूज/आरा**

जिला फुटबॉल संघ, भोजपुर, आरा के तत्वावधान में एनटीपीसी, उपकर्म भारत सरकार के सौजन्य से राधा शरण सिंह कप जिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप 2022-23 का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। फाइनल का महा मुकाबला मैच मून स्पोटिंग क्लब, कुंडेश्वर बनाम दक्षिण एकौना फुटबॉल क्लब, एकौना के बीच खेला गया। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल रहित रही। मध्यांतर के बाद 74 मिनट में पहला और 84वें मिनट में दूसरा गोल एकौना टीम के खिलाड़ी रोहित कुमार ने गोल किया। इस तरह दक्षिण एकौना टीम 2-0 से इस फाइनल मुकाबले को अपने नाम किया। इस मैच के निर्णायक राज कुमार, नितिन कुमार, रमेश सिंह और डॉ. रंजन सिंह थे। वहीं, फाइनल मैच के पूर्व महिला फुटबॉल फैंसी मैच का आयोजन किया गया। लेकिन, एक टीम होने के कारण इस टीम को दो टीमों में विभाजन किया गया। प्रथम टीम का नाम यूनिक फुटबॉल क्लब आरा-ए बनाम यूनिक फुटबॉल क्लब-बी इस दोनों टीमों के बीच यह मैच बराबरी पर रहा। कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस मैच के निर्णायक में रमेश सिंह, नितिन कुमार, रवि कुमार और धर्मेश उपाध्याय थे।



फाइनल मैच के उद्घाटन के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ मौजूद सांसद व अन्य

मैच की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राममूर्ति प्रसाद ने की। वहीं, फाइनल के मुख्य अतिथि के रूप में विद्युत नवीन नवीकरणीय केंद्रीय मंत्री सह सांसद आरके सिंह थे। वशिष्टा तिथि के रूप में मौर्य होटल पटना के प्रबंधक बीडी सिंह, बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन, हित नारायण छत्रिय स्कूल आरा के प्राचार्य योगेंद्र सिंह भी मौजूद रहें। इस आयोजन के प्रमुख वक्तता आर के सिंह, केंद्रीय मंत्री,भारत सरकार, संघ के अध्यक्ष राममूर्ती प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि, धीरेन्द्र सिंह, संघ के संरकक्ष अशोक मानव थे। धन्यवाद संघ के उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह थे।

दक्षिण एकौना टीम के खिलाड़ी सूरज कुमार को फाइनल मैच में बढ़िया प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बेरथ टीम के सचिव कैलाश प्रसाद ने दिया। बीडी सिंह ने विजेता टीम को 2500 और विजेता टीम को 2100 रुपए दिए। पुष्पेंद्र सिंह (जमीरा कोठी) आरा ने विजेता टीम को 1000 रुपए दिए और डॉ. अनिल सिंह ने उपविजेता टीम को 1000 रुपए दिए संघ के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि अवसर पर प्रदीप नारायण सिन्हा लाल शरण सिंह जीतू चंद्रवंशी अमरनाथ सिंह शशि भूषण सिंह बुटन यादव धीरज कुमार हरि ओम जी बच्चा जी उपस्थित थे। संचालन संघ के सचिव रविंदर कुमार ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन पुष्पेंद्र सिंह जमीरा कोठी ने किया।

## खबरें फटाफट२२

### नगर पंचायत कोआथ चुनाव का मॉक पोल

**सासाराम।** आगामी 18 दिसंबर को होने वाले नगर पंचायत कोआथ में होने वाले चुनाव को लेकर अधिकारियों ने मॉक पोल कराया। एसडीओ उपेंद्र कुमार पाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत कोआथ में होने वाले चुनाव के लिए दावथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सरकार दावथ के भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद पद के विभिन्न प्रत्याशियों के उपस्थिति में मॉक पोल किया गया।

### पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता संपन्न

**सासाराम।** जिले में चल रहे दस दिवसीय सच्चिदानंद अखौरी बिहार विशेष पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। रविवार शाम रंगारंग कार्यक्रम में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटना जोन के आईजी सह बीसैप आईजी विनय कुमार मौजूद थे। मौके पर आईजी ने दस दिवसीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन का खिताब बीसैप.2 की कमांडेंट स्वप्ना जी मेश्राम व उपविजेता का खिताब बीसैप.1 पटना के कमांडेंट विनय कुमार को शिल्ड देकर पुरस्कृत किया। बीसैप उत्तरी के डीआईजी दलजीत सिंह, एआईजी विवेक कुमार, एसपी आशीष कुमार भारती व अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने प्रतिभागी जवानों को उत्साहित किया।

### ट्रैक्टर में मारी टक्कर, पांच घायल

**भभुआ।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गई है। जिसमें कुल 5 लोग घायल हो गए हैं। आसपास के ग्रामीणों द्वारा सभी घायलों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद 2 लोगों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर पर 2 लोग सवार थे और सड़क पर जा रहे तीन लोग लोग घायल हो गए थे।

### भाई ने की छोटे भाई की पिटाई

**आरा।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के गीधा ओपी अंतर्गत मटियारा गांव में शनिवार को बछड़ा बांधने के विवाद को लेकर पाटीदारों लोहे के रॉड से दंपति समेत चार की बेहरमी से पिटाई कर दी गई। जख्मियों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मियों में गीधा ओपी अंतर्गत मटियारा गांव वार्ड नंबर 7 निवासी तारकेश्वर राम, उनकी पत्नी फुलवंती देवी एवं पुत्र रितेश कुमार समेत चार लोग शामिल है।

### चावल की 590 बोरियां लेकर छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में चालक को बंधक बना लूटा गया था ट्रक

# पीरो से बरामद हुआ छह दिनों पूर्व लूटा गया ट्रक, बदमाशों की धरपकड़ को छापेमारी तेज

- पेट्रोल पंप के पास लावारिस हालत में मिला ट्रक, चावल गायब
- लूटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने खंगाल डाले दो दर्जन फूटेज

**केटी न्यूज/आरा**



नारायणपुर बाजार के समीप एक पेट्रोल पंप के पास से बरामद ट्रक।

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमुरी से लूटा गया ट्रक बरामद कर लिया गया। पुलिस ने नारायणपुर बाजार के समीप एक पेट्रोल पंप के पास से ट्रक बरामद किया है। हालांकि ट्रक पर लदा चावल गायब है। घटना में शामिल बदमाश भी पकड़ में नहीं आ सके हैं। एसडीपीओ राहुल सिंह के अनुसार पुलिस की दबिश के कारण बदमाश ट्रक लावारिस हालत में छोड़ भाग निकले हैं। सभी की पहचान कर ली गयी है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके लिए छापेमारी की जा रही है। बताते चलें कि पांच दिसंबर की रात पीरो बाजार के बिहिया रोड के निवासी व्यवसायी ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ भोला जी का 590 बोरी चावल लेकर ट्रक छत्तीसगढ़ जाने के लिए निकला था। तभी बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के कुरमुरी के समीप बदमाशों द्वारा चालक को बंधक बना ट्रक लूट लिया गया था। मंगलवार की सुबह चालक द्वारा घटना की सूचना ट्रक मालिक और व्यवसायी को दी गयी थी। उसके बाद से ही पुलिस ट्रक की बरामदगी और बदमाशों की धरपकड़ में जुटी थी।

**ट्रक खोजने के लिए पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज :** ट्रक लूट की घटना के बाद से ही पुलिस टीम बना बदमाशों की गिरफ्तारी और बरामदगी में जुटी थी। तकनीकी आधार पर भी छानबीन की जा रही थी। वहीं सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ली जा रही थी। बताया जा रहा है कि पुलिस की ओर से करीब दो दर्जन से अधिक जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल डाला गया। उससे पुलिस को ट्रक सहित लूट में शामिल बदमाशों के बारे काफी क्लू भी हाथ लगा है। छह दिसंबर की सुबह लूट की सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ के निर्देश पर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम शुरू किया गया। उस क्रम में पहले कुरमुरी से फतेहपुर, इब्राहिमपुर मोड़, हसनबाजार तक सीसीटीवी फुटेज देखा गया। उसमें पुलिस को कुछ खास नहीं मिला। उसके बाद पीरो बाजार होते जगदीशपुर तक के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गए। उसमें ट्रक को देखा गया। उस आधार पर पुलिस को काफी सुराग मिल गया। उसके बाद पुलिस द्वारा ट्रक बरामदगी और बदमाशों की गिरफ्तारी को छापेमारी तेज की गयी। उससे परेशान हो बदमाशों द्वारा नारायणपुर में ट्रक को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया।

## पिकअप व ऑटो के बीच भिड़ंत में पांच जख्मी

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के ध्यानी टोला स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार की शाम पिकअप और ऑटो में भिड़ंत हो गई। उसमें पिकअप और ऑटो चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इनमें महिला समेत तीन लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में लाया कराया जा रहा है। घायलों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के महावीरगंज निवासी राजेंद्र सिंह की 32 वर्षीय पत्नी ज्योति देवी, मथुरापुर गांव निवासी जयराम सिंह का 32 वर्षीय पुत्र पिकअप चालक चंदन कुमार, गड़हनी गांव निवासी परमानंद साह का 17 वर्षीय पुत्र राजन कुमार, शमशुल हक के 40 वर्षीय पुत्र बांटो चालक मो. शमीम और अन्य शामिल है। ऑटो चालक सवारी लेकर पीरो से गड़हनी की ओर आ रहा था। उसी बीच ध्यानी टोला पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही पिकअप से भिड़ंत हो गयी।

## एक नजर

### हमें सही और गलत के बीच में अंतर करने को समझाती है शिक्षा : राष्ट्रीय अध्यक्ष




**जहानाबाद।** जन मुक्ति आंदोलन कार्यालय डॉ. विनयन आश्रम ग्राम नवादा में जन मुक्ति आंदोलन के कार्यकताओं को शिक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महासचिव हरीलाल प्रसाद यादव ने की। इस दौरान पटना से आए शिक्षाविद नीरज दास गुरु एवं कमल नाथ झा ने शिक्षा के विषय पर विशेष रुप से प्रशिक्षण दिया। अपने संबोधन में जन मुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी ने कहा कि हमें क्या करना है क्या नहीं करना है यह शिक्षा सिखाती है। शिक्षा हमें सही गलत के बीच में अंतर को समझाती है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से नौजवानों को गांव कस्बे में सूचना पहुंचाना चाहिए कि शिक्षा से रोजगार न्यूनतम खरीद मूल्य शिक्षा का क्या महत्व है। हमें रोजगार प्राप्त करने में सरकार द्वारा क्या सुविधा मिलनी चाहिए। अपने अधिकारों के प्रति सहज होकर शिक्षा से शोषण भी मिटेगा। शिक्षा से गरिमा भी बढ़ेगी जन मुक्ति आंदोलन के कार्यकताओं को यह संकल्प दिया गया कि गांव में 100% स्कूल जाने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में जन मुक्ति आंदोलन के उपाध्यक्ष अनिल राय,संत प्रसाद ,कोषाध्यक्ष भीम सिंह, यूवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष नाजनी परवीन, यूवा मोर्चा मखदुमपुर प्रखंड अध्यक्ष शशि दांगी, कुण्डल वर्मा एवं 40 कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जहानाबाद।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वधान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सिकरिया में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि संजय प्रसाद एवं हरिशंकर कुमार, (जिला संगठन आयुक्त) भारत स्काउट और गाइड जहानाबाद ने संयुक्त रूप से किया। जबकि खेल का संचालन विक्रम कुमार (राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक) के नेतृत्व में 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, कबड्डी, फुटबॉल प्रतियोगिता कराएं। जिसके मुख्य अतिथि बिहार फुटबॉल संघ के कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार रंजन ने कहा कि युवाओं में खेल से सर्वांगीण विकास के साथ आपसी भाईचारा बढ़ता है। विक्रम कुमार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने बताया कि बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रथम- आकांक्षा कुमारी, द्वितीय- पुनीता कुमारी, तृतीय- चांदनी कुमारी, बालक वर्ग में प्रथम- रॉकी कुमार, द्वितीय- कृष्ण कुमार, तृतीय- सुनील कुमार, गोला फेंक में प्रथम- आकाश कुमार, द्वितीय- दीपक कुमार, तृतीय- अंकित कुमार, लंबी कूद में प्रथम- अतुल राज, द्वितीय- देवराज सिंह, तृतीय- चंदन कुमार, कबड्डी में विजेता युवा क्लब बाल विद्या मंदिर जहानाबाद, उपविजेता अटल युवा क्लब सेवन, फुटबॉल में विजेता- गांधी मैदान जहानाबाद, उपविजेता- एरोड्रम जहानाबाद रहा। जिसको को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किये, धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार, प्लास्टिक वॉरियर्स टीम के जिला समन्वयक ने किया।

## एसपी ने थानेदारों को दिया टास्क वारंटियों को जल्द करें गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस की ओर से शांतिपूर्ण नगरपालिका चुनाव की ठोस तैयारी की जा रही है। क्रिसमस और नये साल के अवसर पर विधि-व्यवस्था को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसे लेकर एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से रविवार को क्राइम मीटिंग में अफसरों को टास्क भी दिया गया है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव को लेकर थानाध्यक्षों को दागियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। किसी भी तरह से चुनाव प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ 107 और सीसीए के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है। मीटिंग में इस मामले में अबतक की कार्रवाई की एसपी द्वारा समीक्षा भी की गयी। वहीं घंटों चली बैठक में एसपी द्वारा केस डिस्पोजल, आपराधिक घटनाओं, उसमें गिरफ्तारी, वारंट निष्पादन और कुर्की-जब्ती की समीक्षा की गयी। इस दौरान वारंटियों और वांछितों की गिरफ्तारी का खास निर्देश दिया। इसे लेकर विशेष अभियान चलाने को कहा गया।

एसपी ने पेट्रोलिंग और नियमित वाहन चेकिंग करने का भी टास्क दिया गया। केस डिस्पोजल में तेजी लाने और पेंडिंग कांडों की संख्या शून्य करने को कहा गया। अवैध खनन और शराब के खिलाफ नियमित अभियाश चलाने का निर्देश दिया गया। नये साल और क्रिसमस को लेकर भी सख्त निर्देश दिया गया। कहा गया है कि इन अवसरों पर किसी भी हाल में विधि-व्यवस्था की समस्या नहीं आनी चाहिए।

## प्रेमी ने साथ रहने से किया इंकार तो किन्नर ने खाया धतूरा, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**



सदर अस्पताल में इलाजरत किन्नर

- प्रेमी की बेवफाई से डिप्रेशन में आकर किन्नर ने उठा लिया जानलेवा कदम

जिले में प्यार की एक अजीब दास्तां सामने आयी है। इस प्रेम कहानी में गजब का ट्विस्ट है। यह कहानी एक किन्नर और युवक की प्रेम की है। दोनों को प्यार हो जाता है और साथ रहने लगते हैं। इस बीच अचानक युवक किन्नर के साथ रहने से इनकार कर देता है। प्रेम में अचानक मिले धोखे को किन्नर बर्दास्त नहीं कर पाती है और इहलीला समाप्त करने के लिए धतूरा खा लेती है। इससे उसकी हालत गंभीर हो गयी और उसे आरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना जगदीशपुर थाना के दुलौर गांव की रविवार की सुबह की है।

पीड़ित किन्नर मूल रूप से पटना जिला के खगौल थाना क्षेत्र के खगौल की रहने वाली 24 वषीर्या पुत्री बबली है। वह फिलहाल कुछ वर्षों से दुलौर गांव अपने साथियों के साथ रहती है। उसने बताया कि वह काफी दिन से दुलौर गांव में रहने वाले एक लड़के से प्रेम करती है। वह लड़का भी उससे प्यार करता था। उसने प्यार में उस लड़के को अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया। अब वह लड़का उसके साथ रहने और प्यार करने से इंकार कर रहा है। उसके बाद वह डिप्रेशन में आ गयी और रविवार की सुबह जहरीला पौधा धतूरे का बीज खा लिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। उसके साथी किन्नरों द्वारा इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया।

### धान के खलिहान में लगी आग, 10 एकड़ की फसल जलकर राख



**सासाराम।** जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के कोनार पंचायत के चंद्रपुरा गांव में रविवार को धान के रखे बोझे में आग लग गई। बताते हैं कि आग में 10 एकड़ के धान की फसल जल कर रख हो गई है। आग में किसान विनय दुबे एवं आलोक दुबे की फसल जली है। आग लगने से गांव में कोहराम मच गया, जुटे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि आलोक एवं विनय दुबे दोनों के दस एकड़ भुमि में उत्पादित धान की फसल खलिहान में रखा हुआ था। कटनी के लिए आए मजदूरों को मजदूरी के रूप में में मिला धान के बोझे भी वहीं बांध कर रखे गए थे। चिंगारी से आग लगी, जबतक कोई समझ पाता, आग तेजी से फैल गई। बताते हैं कि दो तरह का धन रखा गया था। जिसमें सुगंधित सोनाचुर धान और नाटी मंसूरी धान था। बताते हैं कि सभी कि समिम्मलित दाम लगभग पांच लाख रुपए था। पीड़ित किसानों ने बताया कि असमाजिक तत्वों द्वारा धान में आग लगाई गई है। मामले में पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया है। शिवसागर थाना की पुलिस घटना की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसानों को मुआवजे की मांग की है।

# 27 से रसोइयों का अनिश्चितकालीन धरना, ठप रहेगा एमडीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- सरकार व विभागीय उदासीनता पर जिले की रसोइयों ने हड़ताल का लिया निर्णय
- जिला सचिव पर स्पष्टीकरण के आदेश के बाद रसोइयों ने खोला मोर्चा




बैठक में शामिल रसोइयां और गोपगुट के सदस्य

यदुनंदन महतो सेवा संस्थान, होरिलगंज में रविवार को बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ, जिला शाखा जहानाबाद की जिला कमेटी की सामान्य परिषद की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ की जिलाध्यक्ष शैला देवी ने की। बैठक में रसोइयों की आवाज उठाने पर संघ की जिला सचिव पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना, जहानाबाद द्वारा लगातार स्पष्टीकरण करने पर गहरा क्षोभ एवं आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विद्यालय रसोईया संघ के जिला अध्यक्ष शैला देवी ने कहा कि जिले में कहीं रसोइयों को बेवजह हटा दिया जा रहा है, तो कहीं मानदेय नहीं दिया जा रहा है। हद तो तब हो जाती है जब बजाव्ता नियुक्ति पत्र दे देने के बाद भी यह कहा जा रहा है कि आप की बहाली हुई ही नहीं है। इन सब बातों को एवं मांगों को उठाने पर संघ के जिला सचिव पूनम कुमारी पर स्पष्टीकरण-दर- स्पष्टीकरण कर उन्हें नौकरी से हटाने की धमकी देकर रसोइयों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। जिसे संघ कभी बर्दाशत नहीं करेगा।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला सचिव पूनम कुमारी पर स्पष्टीकरण आदेश की वापसी सहित रसोइयों की तमाम लंबित मांगें पूरी नहीं किए जाने पर डीपीओ पीएम पोषण योजना जहानाबाद के कार्यालय के समक्ष आगामी 27 दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना कार्यक्रम घेरा डालो- डेरा डालो का आयोजन करते हुए जिले के तमाम विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना को ठप किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही डीपीओ पीएम पोषण योजना जहानाबाद की होगी। बैठक में महासंघ गोपगुट के सम्मानित अध्यक्ष रामाधार शर्मा सहित जिला कमेटी के तमाम पदधारक उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के जिला सचिव संजय कुमार ने कहा कि बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ, महासंघ गोपगुट का एक इकाई संगठन है। उन्होंने कहा कि किसी संघ के जिला सचिव पर स्पष्टीकरण संघ के वजूद पर ही हमला है। जिस पर महासंघ गोपगुट की पैनी नजर है। रसोईया संघ के जिला सचिव पर स्पष्टीकरण गरीब, लाचार, बेसहारा, अशिक्षित रसोइयों की आवाज को दबाने का कुत्सित साजिश है। जिसकी महा संघ गोप गुट घोर निंदा करता है। रसोईया 1650 रुपये की अत्यंत अल्प मजदूरी पर पूरे दिन विद्यालय में खाना बनाने जैसा अति महत्वपूर्ण कार्य पूरे मनोयोग से करती है। फिर भी पदाधिकारियों द्वारा उनकी समस्याएं लंबित रखी जाती है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

## खबरें फटाफट

### एसपी ने लंबित कांडों के निष्पादन का दिया निर्देश

**बक्सर।** रविवार को समाहरणालय में एसपी नीरज कुमार सिंह ने जिलेभर के थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग कर नगर निकाय चुनावों के पहले लंबित कांडों के निष्पादन व फरार अपराधियों/वारंटियों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए है। एसपी ने जिलेभर में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर थानाध्यक्षों को जमकर फटकार भी लगाई। साथ ही, सात दिन में लंबित कांडों को निष्पादित कर उसका प्रतिवेदन मांगा है। वहीं, नए साल और निकाय चुनाव में शराब तस्करों की सक्रियता पर भी नजर रखने को कहा है। उन्होंने सभी थानेदारों को अपराधियों और तस्करों के खिलाफ मुहिम चलाकर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। डुमरांव एसडीपीओ कुमार वैभव, सदर एसडीपीओ गोरख राम, नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह, ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

### पुलिस ने ध्वस्त की दो भट्ठियां, तस्कर फरार

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने गुप्त सूचना पर स्थानीय दलित बस्ती में छापेमारी कर अवैध शरा निर्माण का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने दो भट्ठियों को ध्वस्त करने के साथ ही नाली व गंदगी के बीच परती जमीन में गाड़कर रखे गए तकरीबन आठ सौ लिटर अर्द्धनिर्मित महुआ जावा को जमीन पर गिरा नष्ट भी किया। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते ही शराब निमार्ता व धंधेबाज भागने में सफल हुए। पुलिस चिन्हित शराब तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष जगन्नाथ सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

### श्रमजीवी से 18 बोतल शराब बरामद

**बक्सर।** बक्सर रेल पुलिस की टीम ने रविवार को डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस में छापेमारी कर 18 बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। हालांकि शराब कारोबारी की पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस से यूपी के रास्ते तस्करी के लिए शराब की खेप भारी मात्रा में लायी जा रही है। सूचना मिलने के साथ ही टीम गठित कर बक्सर स्टेशन के एक पर छापेमारी की गयी। जहां जनरल बोगी के शौचालय के पास से 18 बोतल शराब बरामद किया गया। वहीं, बीती रात बक्सर स्टेशन पर खड़ी पैसेंजर ट्रेन से 3 बोतल शराब बरामद किया गया है।

# वैज्ञानिक सुझाव: फसलों को पाला से बचाने के लिए खेतों की मेड़ों पर धुआं करें किसान

- शीतलहर से सब्जी की खेती को नुकसान से बचाने केलिए कृषि वैज्ञानिक ने बताए तरीके
- डुमरांव वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. एके जैन ने केशव टाइम्स से की विशेष बातचीत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शीतलहर एवं पाले से सर्दी के मौसम में सभी फसलों को नुकसान होता है। इससे पिछले दो दिनों अचानक आए मौसम परिवर्तन से किसानों को फसल के नुकसान का भय सता रहा है। वहीं इसको लेकर केशव टाइम्स की ओर से वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. आनंद कुमार जैन से विशेष बातचीत की गई। इसमें उन्होंने फसल को बचाने का गुर बताया।

डॉ. जैन ने बताया कि टमाटर, मिर्च, बैंगन आदी सब्जियों पपीता एवं केले के पौधों एवं मटर, चना, अलसी, सरसों, जीरा, धनिया, सबसे ज्यादा 80 से 90 फीसदी तक नुकसान हो सकता है। अरहर में 70 फीसदी गन्ने में 50 फीसदी एवं गेहूं तथा जौ में 10 से 20 फीसदी तक नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को बताया कि जिस रात पाला पड़ने की संभावना हो उस रात बारह से दो बजे के बीच खेत की उत्तरी पश्चिमी दिशा से आने वाली ठंडी हवा की दिशा में खेतों के किनारे पर बोई हुई फसल के आसपास, मेड़ों पर रात्रि में कूड़ा-कचरा या अन्य व्यर्थ घास-फूस जलाकर धुआं करना चाहिए। ताकि खेत में धुआं हो जाए एवं वातावरण में गर्मी आ जाए। धुआं करने के लिए उपरोक्त पदार्थों के साथ क्रूड ऑयल का प्रयोग भी कर सकते हैं। इस विधि से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान आसानी से बढ़ाया जा सकता है। पौधशाला के पौधों एवं क्षेत्र वाले उद्यानों व नकदी सब्जी वाली फसलों को टाट, पॉलिथीन अथवा भूसे से ढ़क दें। वायुरोधी टाटिया को हवा आने वाली दिशा की तरफ से बांधकर क्यारियों के किनारों पर लगाएं तथा दिन में पुनः हटा दें। पाला पड़ने की संभावना हो तब खेत में सिंचाई करनी चाहिए।


खेतों में लहलहाती आलू की फसल

### सल्फर के 80 प्रतिशत घुलनशील पाउडर का छिड़काव कर सिंचाई करें किसान

डॉ. जैन ने बताया कि सर्दी में फसल में सिंचाई करने से 0.5 डिग्री से दो डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ जाता है। जिन दिनों पाला पड़ने की संभावना हो फसलों पर सल्फर के 80 प्रतिशत घुलनशील पाउडर की 03 किग्रा मात्रा एक एकड़ में छिड़काव करने के बाद सिंचाई की जाय अथवा सल्फर 80 प्रतिशत घुलनशील पाउडर को 40 ग्राम 15 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव किया जाय। दूसरा उपाय भी किसान भाई कर सकते हैं। जिन दिनों पाला पड़ने की आशंका हो, उन दिनों फसल पर 0.1 फीसदी गंधक के घोल का छिड़काव करना चाहिए। इस के लिए एक लिटर गंधक के तेजाब को 1,000 लिटर पानी में घोल कर प्रति हेक्टेयर प्लास्टिक के स्प्रेयर से छिड़काव करना चाहिए। गंधक के छिड़काव को 15-15 दिन के अंतराल पर दोहराते रहे।

### पाले से पौधे पर प्रभाव

पाले के प्रभाव से फल मर जाते है व फूल झड़ने लगते है। प्रभावित फसल का हरा रंग समाप्त हो जाता है। पत्तियों का रंग मिट्टी के रंग जैसा दिखता है। ऐसे में पौधों के पत्ते सड़ने से बैक्टीरिया जनित बीमारियों का प्रकोप अधिक बढ़ जाता है। पत्ती, फूल एवं फल सूख जाते है। फल के ऊपर धब्बे पड़ जाते हैं व स्वाद भी खराब हो जाता है। कभी-कभी शत प्रतिशत सब्जी की फसल नष्ट हो जाती है।

## सोनवर्षा में सड़क दुर्घटना में भोजपुर जिले के युवक की मौत, मचा कोहराम

# हादसा : ट्रक के पीछे से टकराई कार एक युवक की मौके पर हुई मौत, तीन जख्मी

- उसरा गांव के समीप रविवार की अल सुबह की है घटना
- तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हो गई कार, हुआ हादसा

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के उसरा गांव के पास रविवार की सुबह मोहनिया बक्सर हाईवे पर हुए एक भीषण हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। मृतक की पहचान आरा निवासी शैलेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। जो पेशे से शिक्षक बताए जाते हैं। वहीं, तीनों जख्मियों को उसरा गांव के लोगों ने इलाज के लिए आरा भेजा।


दुर्घटनाग्रस्त कार व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

जख्मियों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। इधर, मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर परिजनों को घटना की सूचना दी।

परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। वही घटना के बाद ट्रक चालक अपनी वाहन लेकर फरार हो गया। बताया जाता है कि कार चालक काफी तेज गति से कार चला रहा था। उसके आगे एक ट्रक भी चल रही थी। उसरा गांव के पास आगे आगे चल रही ट्रक में कार चालक ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में कार क्षतिग्रस्त हो सड़क पर पलट गई। जबकि, उसमें सवार लोगों को गंभीर चोटें आई। इस दौरान मौके पर ही शैलेन्द्र की मौत हो गई। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि ट्रक के पीछे से एक कार की टक्कर होने से एक युवक की मौत हो गई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जख्मियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

**तेज रफ्तार से अक्सर हो रही है दुर्घटनाएं :** आरा मोहनिया हाइवे सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार दुर्घटना का सबब बन गया है। आए दिन इस रोड पर भीषण दुर्घटनाएं हो रही है। अधिकांश दुर्घटनाओं की वजह कार की तेज रफ्तार ही होती है। परिवहन नियमों का पालन नहीं करने तथा रफ्तार के चक्कर में लोग अनायास ही अपनी जान गवां रहे है।

### मां विंध्यवासिनी का दर्शन कर लौट रहे थे सभी

मृतक एवं उनके मित्रगण यूपी के विंध्याचल से मां विंध्यवासिनी देवी की दर्शन कर आरा-मोहनियां हाईवे से अपने घर लौट रहे थे। कार की रफ्तार काफी तेज थी। तभी उसरा गांव के पास कार चालक अनियंत्रित होकर एक ही दिशा में जा रही ट्रक के पीछे से कार ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलट कर कई मीटर दूर तक घिसटते चली गई थी। इधर टक्कर होने की आवाज मिलते ही ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। जहां कार में सवार एक युवक की मौत हो गई थी। जबकि तीन लोग तड़प रहे थे। ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकालते हुए इलाज के लिए आरा भेजा। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया।

## असमाजिक तत्वों ने खलिहान में लगाई आग, चार एकड़ की धान की फसल खाक

- धान के बोझे जलने से किसानों को हुआ लाखों का नुकसान

**केटी न्यूज/केसठ**

स्थानीय प्रखंड के किरनी गांव में रविवार की दोपहर अज्ञात असमाजिक तत्वों ने एक खलिहान में आग लगा दिया। जिससे इस खलिहान में रखे तीन किसानों के चार एकड़ की धान के बोझे जलकर राख हो गए है। इस घटना से किसानों को लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।

पीड़ित किसान बृज लाल महतो, बेलाश महतो एंव गोरख महतो ने बताया कि उनके खलिहान में कुल चार एकड़ के हजारों बोझे रखे थे। जिसे दोपहर में अज्ञात असमाजिक तत्वों ने आग लगा जला दिया है। पूरे साल की मेहनत की कमाई स्वाहा होने से किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। हालांकि खलिहान से उठ रही आग की लपटें देख किसानों ने शोर मचाया तो आसपास के किसान पहुंच आग बुझाने में जुट गए। जबतक ग्रामीण आग बुझाते तबतक फसल जलकर राख हो गई थी। आगलगी की इस घटना में बृजलालमहतो का एक एकड़


सड़क जाम करते ग्रामीण

फसल, बेलाश महतो का 1 एकड़ एंव गोरख महतो का दो एकड़ का फसल जलकर नष्ट हो गया है। इसकी सूचना मिलने पर रविवार को प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, पंचायत के मुखिया छठू राम, उप मुखिया दीपक सिंह, पैक्स अध्यक्ष राणा सिंह, वार्ड सदस्य डिपू सिंह किरनी गांव पंहुच पीड़ित किसानों से मिल मुआवजा दिलाने की बात कही। जनप्रतिनिधियों ने घटना स्थल से ही प्रखंड के बीडीओ व सीओ से दूरभाष पर बात कर आगलगी में नुकसान का जायजा ले पीड़ित किसानों को मुआवजा देने की बात कही। वही आगलगी की इस घटना से किरनी के किसानो में भय ब्याप्त है। किसान असमाजिक तत्वों के कहर से खलिहान में रखे फसल की रखवाली करने को मजबूर है।

## पूर्वा एक्सप्रेस में डकैती की सूचना निकली अफवाह, परेशान रही बक्सर रेल पुलिस

- दो यात्रियों के बीच हुए विवाद के बाद किसी ने ट्रेन में डकैती की उड़ा दी अफवाह

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्थानीय रेलखंड की पुलिस शनिवार की रात पूर्वा एक्सप्रेस में डकैती के अफवाह को ले घंटो परेशान रही। इस दौरान रेल पुलिस ने आरा व बक्सर तक काफी देर तक मुश्तैदी भी दिखाई। बक्सर रेलवे स्टेशन पर पूर्वा एक्सप्रेस के रूकते ही संभावित डकैती को विफल करने तथा डकैतों को पकड़ने के लिए उसे रेल पुलिस ने घेर भी लिया था। लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो अफवाहों पर विराम लग गया। मामला दो यात्रियों के बीच सीट पर बैठने के विवाद को लेकर था। जिसे किसी यात्री ने डकैती बता अफवाह उड़ा दिया था।

पूर्वा एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन में डकैती की सूचना मिलते ही रेल पुलिस सकते में आई गई थी। लेकिन अफवाह के निर्मूल साबित होने के बाद रेल पुलिस ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार हावड़ा से दिल्ली जाने वाली पूर्वा एक्सप्रेस में आरा के रहने वाले संतोष कुमार अपने पत्नी के साथ रिजर्वेशन कराए थे। लेकिन जब दोनों अपने आरक्षित सीट पर बैठने के लिए पहुँचे, तो उस सीट पर पहले से कुछ यात्री बैठे थे। जब सन्तोष ने सीट खाली करने को कहा तो यात्रियों ने सीट खाली करने से इंकार कर दिया। इसी बात को ले दोनों पक्षों में विवाद और मारपीट शुरू हो गई। जिसे किसी रेल यात्री ने डकैती बता मीडिया को सूचना दे दी। मीडियाकर्मियों की सूचना पर ही रेल पुलिस सक्रिय हुई थी। बाद में दोनों यात्रियों से लिखित माफीनामा ले उन्हें छोड़ा गया। बहरहाल इस घटना से रेल पुलिस घंटो परेशानी रही। आरपीएफ कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने इस घटना की पुष्टि की है।

### दिशा की बैठक में पुनीत सिंह ने रखी कई मांगें

**बक्सर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अवधेश नारायण सिंह सदस्य बिहार विधान परिषद के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पुनीत सिंह ने मलई बराज परियोजना, जिले के ब्रह्मपुर, चक्की, सिमरी, बक्सर, चौसा में अर्सेनिक युक्त पानी पीने पर मजबूर ग्रामीणों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अधिकतम गहराई वाला हैंड पंप लगाने की व्यवस्था करने की मांग की। किला मैदान खेल मैदान कम वाहन पड़ाव अधिक हो गया है। इस पर भी उन्होंने अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया। नवरत्न गढ़ किला एवं गोकुल जलाशय को सौंदर्यकारण तथा पर्यटन योग्य बनाने की भी मांग की।इसके साथ ही अन्य जन समस्याओं की ओरे अध्यक्ष का ध्यानाकर्षण किया। जिससे जिले में विकास का कार्य के साथ ही आवश्यक जनोपयोगी कार्य हो सके।

## घटना के 24 घंटे बाद भी हत्यारे पुत्र की नहीं हुई गिरफ्तारी, घटना के बाद सदमे में परिवार

- शुक्रवार की रात अरक में नशेड़ी पुत्र ने की थी अपनी मां की हत्या

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

अरक में नशेड़ी बेटे द्वारा अपनी मां की हत्या कर फरार होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही है। लेकिन घटना के चौबीस घंटे बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपी अपने दस वर्षीय पुत्र को भी साथ लेकर गया है। ऐसे में कई सवाल खड़े हो रहे है। इधर इस घटना के बाद से परिवार काफी मर्माहत है। परिवार के लोग इस सदमें से उबर नहीं पाए है। कोई किसी से कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

ग्रामीणों की मानें तो पीड़ित परिवार काफी सुखी संपन्न था तथा परिवार के सभी सदस्य नौकरी शुदा थे। जिस कारण गांव तथा समाज में परिवार की प्रतिष्ठा भी अधिक थी। जबकि आरोपी हिमांशु शेखर पांडेय के शराब की लत ने पूरे


फरार हत्या का आरोपी बेटा

परिवार की प्रतिष्ठा को तार तार कर दिया है। उसकी करतूतों से परिवार पिछले लंबे समय से परेशान चल रहा था। जानकारों की मानें तो संपति बंटवारे को लेकर वह कई बार अपने पिता तथा भाईयों से झगड़ा भी किया था। लेकिन किसी को इस बात की उम्मीद नहीं थी कि वह मां को मौत के घाट उतार देगा। परिवार को यदि ऐसा भान होता तो मां को भी वे लोग पटना में ही रखते। ग्रामीणों की मानें तो वह नियमित तौर पर शराब को सेवन करता था तथा नशे में विवाद भी करता था। उसकी आदतों से आजित आ उसकी पत्नी उसे छोड़ चुकी थी। जबक दस वर्षीय बेटा अपनी दादी के साथ रहता था। मां को मौत के घाट उतारने के बाद वह बेटे को भी लेकर भाग गया है। इधर एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश में जुट गई है।

जबकि परिजनों को उसके बेटे की सलामती की चिंता भी सता रही है। रविवार को भी अरक गांव में पूरे दिन इस घटना की चर्चा ग्रामीण करते रहे। गौरतल है कि अरक पश्चिम टोला निवासी रामाशंकर पांडेय के पुत्र हिमांशु शेखर पांडेय उर्फ रितेश पांडेय ने शुक्रवार की रात अपनी मां फुलेश्वरी देवी की हत्या धारदार हथियार से कर मुख्य गेट में बाहर से ताला जड़ फरार हो गया था। इस संबंध में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गुंडा परेड करा पुलिस ने चुनाव शांतिपूर्ण कराने के दिए संदेश

**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए पुलिस की कवायदें तेज हो गई है। इसी कड़ी में रविवार को एसपी के निर्देश पर गुंडा परेड कराया गया। ताकी लोग भयमुक्त होकर मतदान में शामिल हो और अपराधियों तथा गुंडा मवालियों में पुलिस का भय बना रहे।

इसके पहले पुलिस ने नगर निकाय को शांतिपूर्ण संपन्न को लेकर अपराधियों की सूची तैयार कर लिया है। पुलिस सभी अपराधियों पर नजर रख रही है। साथ ही उनकी गतिविधि पर ध्यान दे रही है। एसपी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस चुनाव में बाधा पहुंचाने वाले संभावित अपराधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जबकि जेल से छूटे दुर्दांतों पर भी पुलिस नजर बनाए हुए है। ताकी वे चुनाव में गड़बड़ी न फैला सके।

## जमीन के नाम पर रिटायर सैनिक से ठग लिए 30 लाख, मामला दर्ज

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में जमीन का फजीर्वाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन के फजीर्वाड़ा करने वालों ने सीमा की रक्षा करने वाले एक रिटायर्ड फौजी को भी नहीं छोड़ा है। बल्कि 11 कट्ठा जमीन दिलाने के नाम पर उससे 30 लाख रूपए की ठगी कर ली है। पीड़ित फौजी तथा औद्योगिक थाना क्षेत्र के बरूणा गांव निवासी सर्वे नारायण सिंह ने इस मामले में नगर थाने में गोलबंर के पास एमआरएफ टायर एजेंसी का संचालन करने वाले सत्यम तिवारी तथा अन्य लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वे वर्ष 2020 में सेना से रिटायर होने के बाद सेना से मिले पैसे से उन्होंने जमीन खरीदने की सोची। इसी क्रम में गोलम्बर स्थित टायर दुकानदार से मुलाकात हुई।

दुकानदार ने उन्हे 11 कट्ठा जमीन देने के नाम पर करीब 30 लाख रुपए अलग-अलग समय पर विभिन्न तरीके से ले लिया। लेकिन जमीन देने के बदले टाल मटोल करने लगा। बाद में वह धमकी भी देने लगा। जमीन नहीं लिखे जाने पर रिटायर्ड सैनिक ने टायर दुकानदार समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## इतिहासकार परिसंवाद कार्यक्रम में वक्ताओं ने ग्रामीण इतिहास आयोजन पर डाला प्रकाश, कहा-

# इतिहास अब तक सत्ता के नजरिए से प्रस्तुत किया गया है : सुरेश कांटक

- अहिरौली में आयोजित किया गया आठवां ग्रामीण लेखक इतिहासकार परिसंवाद कार्यक्रम

**केटी न्यूज/ बक्सर**

जिले के अहरौली गांव में आठवां बक्सर ग्रामीण लेखक इतिहासकार परिसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य बाल कल्याण समिति डॉ. शशांक शेखर के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण इतिहास आयोजन के पीछे समाज में उत्पन्न संवादहीनता और असंवेदनशीलता की कमी को दूर करते हुए बिखरे इतिहास को जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन एमवी कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डा.छाया चौबे ने किया। वहीं क्रिएटिव हिस्ट्री ट्रस्ट के संयोजक प्रो. देवेंद्र चौबे ने जेएनयू बीज वक्तव्य में अपने ग्रामीण इतिहास परिसंवाद कार्यक्रम की परिकल्पना को प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज हम ग्रामीण इतिहास के माध्यम से केवल गांव ही नहीं बल्कि समाज, देश और राष्ट्र का इतिहास लिख रहे हैं। आज ग्रामीण लोकश्रुत को एक बड़े फलक पर लिखित रूप में प्रस्तुत किया जाए।



पुस्तक विमोचन करते अतिथि व अन्य

अगली कड़ी में कथाकार सुरेश कांटक ने कहा कि इतिहास अब तक सत्ता के नजरिए से प्रस्तुत किया गया जो अब जनता के नजरिए से देखा व लिखा जाएगा। मधुसूदन आचार्य ने इतिहास और पुराण के अंतर को सपष्ट किया वहीं लक्ष्मीकांत मुकुल ने नटवार एवं धनगाई गांव की सांस्कृतिक परपरा को लोककथा के माध्यम से प्रस्तुत किया। फौजदार मांझी द्वारा बक्सर के सांस्कृतिक महत्व को उजागर किया गया। कृष्णानंद चौबे जी द्वारा मानस के भीतर उपजी मानसिकता को मिथकीय चेतना द्वारा उध्दृत किया गया। कृष्णानंद उपाध्याय द्वारा बक्सर के प्राचीन ज्ञान परंपरा पर विचार प्रस्तुत किया गया। खंड पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा द्वारा काव्यपाठ किया गया। यज्ञनाथ पांडेय ने इतिहास के उन अनछुए पहलू की ओर ध्यान इंगित किया जो लोक की महत्वपूर्ण धरोहर है। कार्यक्रम के दौरान इतिहास समाचार का लोकार्पण एवं मोनाको देवी स्मृति छात्रवृत्ति व तारा देवी स्मृति छात्रवृत्ति 2022 छात्र गौरी देवी व सार्थक को प्रदान किया गया। विद्याशंकर चौबे, फौजदार माझी, बहादुर माझी और श्यामजी चौबे को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. छाया चौबे ने किया। अमरेंद्र चौबे, बृजभूषण चौबे, आनन्द कुमार, कृष्णानंद चौबे, बृजभूषण इत्यादि अन्य ग्रामीण गणमान्य उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### हेमंत बने सहायक चकबंदी अधिकारी

**बलिया।** सागरपाली निवासी सतीश चंद सिंह के बेटा हेमंत कुमार सिंह का सहायक चकबन्दी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। हेमंत कुमार सिंह की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बधाई देने वालों का उनके घर में तांता लग गया है। बता दें कि हेमंत कुमार सिंह राजस्व लेखपाल के पद पर कार्य कर रहे थे। हेमंत बचपन से ही एक होनहार छात्र रहे हैं। नागाजी माल्देपुर से इंटर की परीक्षा पूरी करने के बाद बीएचयू से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए कानपुर चले गए। लेखपाल की परीक्षा में वर्ष 2012 निकालने के बाद लेखपाल बन गए। उसके बाद भी तैयारी जारी रखी। फलस्वरूप अब वे सहायक चकबंदी अधिकारी बन गए।

### एक बच्चे की मां प्रेमी के साथ फरार

**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के चौरा गांव में एक बच्चे की मां प्रेमी के साथ फुर्र हो गई है। पति ने इसकी तहरीर थाने में दिया है। बताया जाता है कि चौरा गांव निवासी जयशंकर की पत्नी अपने साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे को छोड़ कर अपने पड़ोसी लड़के के साथ तीन दिन पहले फुर्र हो गई। वह शौच करने के लिए घर से बाहर गई थी और लौट कर नहीं आई। पति ने काफी खोजबीन किया, लेकिन पत्नी का पता नहीं चलने पर उसने शनिवार को नरहीं थाने में तहरीर दिया। जिसमें उन्होंने 15 हजार नगद तथा जेवर भी ले जाने की बात कही है। पति मासूम लड़के को लेकर परेशान हैं, जबकि पुलिस ने प्रेमी को भी पता लगाने में अभी तक नाकामयाब रही है।

### आरोग्य मेले में आए 142 मरीज

**मऊ।** जनपद के मोहम्मदाबाद ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस क्रम में 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों द्वारा विभिन्न गांवों से आए लगभग 142 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाएं दी गई। इस दौरान विभिन्न अस्पताल पर डॉ. संजय चौहान, डॉ. नदीम अहमद, डॉ. सत्येंद्र कुमार साहू आदि ने शिक्षकों के साथ अपनी सेवाएं दी। मरीजों को बताया गया कि मौसम में आए बदलाव के कारण वायरल फीवर, सर्दी, जुखाम एवं अन्य बीमारियां हो रही है। ऐसे में नन्हे-मुन्ने बच्चों में ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़ों में ढक कर रखें। स्वास्थ्य मेले में अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार चंद्रा ने भी अस्पताल पहुंचकर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान फार्मासिस्ट कपिल देव, सरोज यादव, चंद्रजीत यादव, राजेंद्र कुमार व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# गाजीपुर नगर पालिका सहित आठ नगर निकायों के 136 वार्डों में होगा सभासद का चुनाव

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- तीन नगर पालिका परिषद और 5 नगर पंचायतों की आरक्षण सूची हो चुकी है प्रकाशित
- प्रमुख दलों के पदाधिकारी और नेता सूची को लेकर कर रहे हैं चिंतन व मंथन

प्रदेश के साथ ही जिले में भी नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। आरक्षण सूची प्रकाशित होने के बाद एक तरफ जहां वार्डों में सभासद प्रत्याशी अखाड़े में जोर आजमाइश करते दिखाई दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी सियासी जोड़-तोड़ में लगे हुए हैं। देखा जाए तो नगर निकाय चुनाव के लिए तीन नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायतों में वार्डों के आरक्षण के संबंध में सूची प्रकाशित कर आपत्तियां मांगी गई है। नगर विकास विभाग ने प्रस्तावित सूची पर सात दिनों में आपत्तियां मांगी हैं। इसके बाद आने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं करने का भी निर्णय लिया है।

बता दें कि गाजीपुर नगर पालिका सहित जिले के कुल आठ नगर निकाय में 136 वार्ड हैं। इनके आरक्षण की सूची जारी होने की सूचना सोशल मीडिया और निजी व्हाट्सएप के जरिए आम हो चुकी है। लोगों के बीच सूची वायरल होते ही निकाय चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार वार्डों के आरक्षण की जानकारी जुटाने के साथ चुनाव संबंधी तैयारी तेज कर दिए है। हालांकि इस सूची ने कई भावी प्रत्याशियों के उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, तो कई उम्मीदवारों के सपनों को पंख लगा दिया है। अब प्रमुख दलों के पदाधिकारी और नेता सूची को लेकर चिंतन व मंथन करते दिखाई पड़ रहे हैं। जिन वार्डों में उम्मीदवारों के मुताबिक आरक्षण नहीं हुआ है, उसको लेकर आपत्तियां भेजने की तैयारी भी शुरू हो गई है।




### आठ निकायों में 225720 मतदाता

**गाजीपुर।** जिले के आठ नगरीय निकायों में 1, 21, 094 पुरुष एवं 1, 04, 626 महिला सहित कुल 2, 25, 720 मतदाता हैं। सबसे अधिक मतदाता नगर पालिका परिषद गाजीपुर में 50, 586 पुरुष एवं 43, 732 महिला सहित कुल 94, 318 हैं। इसी तरह नगर पालिका परिषद जमानिया में 16, 458 पुरुष एवं 13, 321 महिला संग 29, 779 तथा नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद में 16, 950 पुरुष एवं 15, 234 महिला सहित कुल मतदाताओं की संख्या 32, 184 है। इसी क्रम में नगर पंचायत सैदपुर में 10, 908 एवं 9, 524 सहित कुल 20, 432, सादात में 5781 एवं 4996 सहित 10777, बहादुरगंज में 8093 एवं 7255 सहित 15348, जंगीपुर में 5702 एवं 5104 सहित 10806 तथा नगर पंचायत दिलदारनगर में 6616 पुरुष एवं 5460 महिला सहित कुल 12076 मतदाता हैं।

**उम्मीदवारी का दावा करने वाले लोगों को लगे पंख :** सैदपुर नगर पंचायत में निकाय चुनाव के लिए वार्डों के आरक्षण की सूची जारी होते उम्मीदवारी का दावा करने वाले लोगों को पंख लग गए हैं। नई आरक्षण सूची जारी होते ही किसी के अरमानों पर पानी फिर गया, तो किसी की पौ बारह हो गई है।

देखा जाए तो सैदपुर नगर के वार्ड 14 आत्माराम नगर की सीट को पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित कर दिए जाने पर सामान्य वर्ग के लोगों का मनोबल टूटा है। ठीक उसी प्रकार वार्ड चार के अब्दुल हमीद नगर की सीट पिछली बार अनुसूचित रही इस बार इस सीट को सामान्य कर दिए जाने से उक्त वर्ग के लोगों में निराशा है। सैदपुर के 15 वार्ड में अधिकतर पिछली बार की सीटें आरक्षण क्रम बदले जाने से कुछ नए चेहरे भी अब ताल ठोकने के लिए मैदान में आ गए हैं। नए चेहरों ने आरक्षण सूची जारी होते ही तैयारियों में लग गए हैं। शाम सुबह यह लोग जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद भी लेने लगे हैं। हालांकि अभी आपत्तियों के लिए हफ्ते भर का समय दिया गया समय है। कुछ लोग अभी आपत्तियां डालने के भी तैयारी में है। दूसरी ओर वार्ड का आरक्षण जारी होते ही एक बार नगर पंचायत क्षेत्र में इस चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है।

### उप्र सरकार की पहल : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधेंगे सैकड़ों युवक-युवतियां

# बलिया में 14 दिसंबर को होगा सामूहिक विवाह अब तक छह ब्लॉक से 150 जोड़ों ने दिया आवेदन

- प्रत्येक जोड़े के लिए शासन की ओर से स्वीकृत की जाती है 51 हजार रुपए की राशि
- वधू के खाते में जमा किए जाता है 35 हजार रुपए

**केटी न्यूज/बलिया**




जिले में फिर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की शहनाई बजेगी। 14 दिसंबर को स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बांसडीह में बने पंडाल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। तारीख तय होने के बाद समाज कल्याण विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले ब्लॉकों के लोगों से सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने के लिए आवेदन लिया जा रहा है। अब-तक करीब 150 जोड़े ने सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। आवेदन करने वाले जोड़ा का विभागीय सत्यापन भी कराया जा रहा है। तैयारियों को मूर्त रूप देने के क्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी बलिया, खंड विकास अधिकारी, बांसडीह एवं खंड विकास अधिकारी, मनियर की ओर से स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रस्तावित है।

14 दिसंबर को होने वाले सामूहिक विवाह के लिए अब तक छह ब्लॉकों से करीब 150 युवक और युवतियों ने आवेदन किया है। इनमें पंदह से 18, रेवती से 25, बांसडीह से 17, मनियर से 31, नगरा से 45 और नवानगर विकास खंड से 14 आवेदन प्राप्त हुए है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शासन ने प्रत्येक जोड़े के लिए 51 हजार रुपए का बजट दिया जाता है। इसमें से छह हजार रुपये विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। वहीं, 10 हजार रुपए का सामान विवाह में उपहार स्वरूप दी जाती है। बाकी बचे 35 हजार रुपए वधू के खाते में जमा कराए जाते हैं।

सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले नव जोड़ों को अपना अधार व पासपोर्ट साइज फोटो के अलावा आय, जाति प्रमाण पत्र के साथ बैंक पासबुक भी लाना होगा। ताकि लाभार्थी के खाते में सहायता राशि हस्तांतरित करने में कोई दिक्कत ना हो।

### सामूहिक विवाह के लिए डेढ़ बीघा में सजेगा पंडाल

समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बांसडीह पीजी कॉलेज में 14 दिसम्बर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के लिए डेढ़ बीघा में पंडाल सजेगा। बैंड बाजे के प्रति जोड़ा 10 घराती, 10 बाराती पक्ष के लोगों के जलपान, भोजन व स्वागत की व्यवस्था की तैयारी विभागीय स्तर पर हो रही है। इसके अलावा कार्यक्रम में लोक गायकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की जाएगी। सामूहिक विवाह में महाराजगंज के लोक गायक इंद्रमणि दूबे का नव जोड़ों की अगवानी में सेहरा गाएंगे। इसके उपरांत गायत्री शक्तिपीठ के अध्यक्ष विजेंद्र दूबे हिंदू धर्म के अनुसार पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराएंगे। वहीं, मुस्लिम जोड़ों को मौलाना हाजी कुरैशी निकाह कबूल करवायेंगे।

## एक नजर

### माता महाकाली मंदिर समिति की ओर से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**गाजीपुर।** जिला प्रोग्राम प्रबंधक जिला अंधता निवारण समिति के निर्देश पर हाटा में यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर समिति की ओर से रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र सर्जन डा. एके राय एवं अवनीश कुमार द्वारा करीब 200 लोगों की आंखों की जांच की गई। जबकि 30 लोगों के आंखों के आपरेशन का सलाह दिया। इस निःशुल्क शिविर के लिए मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश तथा समाजसेविका मीरा राय के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। पुजारी ने बताया कि अगले वर्ष लगभग 200 लोगों की आंखों का परीक्षण किया गया था। जिसमें 35 लोगों के आंखों की निः शुल्क आपरेशन की गई। रविवार को माता महाकाली मंदिर परिसर में लगभग 250 लोगों के नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 30 लोगों के आंखों के ऑपरेशन की सलाह दी गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप



**बलिया।** जनपद के सुखपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरवां गांव में बीती रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गयी। इस संबंध में विवाहिता के परिजनों ने उसके पति पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपित पति को हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीते 15 जून 2019 को बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के तिवारीपुर निवासी किरण यादव की शादी सुखपुरा थाना क्षेत्र के गुरवा गांव निवासी अवधेश यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अक्सर किरण को प्रताड़ित करते थे। इसबीच बीती रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उधर सुखपुरा थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर पर पति को हिरासत में लिया गया है, तहरीर मिल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### जनवरी में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित होंगे चयनित प्रतिभागी

**गाजीपुर।** साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में रविवार को आदर्श इंटर कालेज में हिन्दी सुलेख-श्रुतलेख, अंग्रेजी सुलेख- श्रुतलेख, सामान्य हिन्दी ज्ञान एवं सामान्य अंग्रेजी ज्ञान प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। इनमें कनिष्ठ वर्ग में कक्षा चार से छह एवं मध्यम वर्ग में कक्षा सात एवं आठ के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर सुबह ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गये थे। प्रतियोगिता में नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को जनवरी 2023 में आयोजित संस्था के 38वें वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह में स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पारसनाथ सिंह, डा.रविनंदन वर्मा, राजीव मिश्रा, कामेश्वर द्विवेदी, तृप्ति श्रीवास्तव,जितेन्द्र सिंह, आनन्द प्रकाश अग्रवाल, हर्षित श्रीवास्तव, राघवेन्द्र ओझा, शशिकांत राय, अरविन्द श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने संजय उपाध्याय

**मऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षणेत्तर एसोसिएशन की जिला इकाई की एक बैठक रविवार को नेशनल इंटर कालेज इंदारा में आयोजित हुई। जिसमें जिला संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। चुनाव अशोक राय की अध्यक्षता और प्रांतीय पर्यवेक्षक जनार्दन यादव और लल्लन सिंह की उपस्थित में संपन्न हुआ। सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थित में काफी गहमा गहमी के बीच मऊ जिले के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों अलग अलग पद के लिए नामांकन किया था। जिसमें अध्यक्ष पद पर संजय कुमार उपाध्याय निर्वाचित हुए वहीं जिलामंत्री पद पर भूपेंद्र सिंह का चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर कपूर चंद पांडे, उत्कर्ष राय, राकेश सिंह, रमावती देवी, कृष्णपाल कोषाध्यक्ष पद पर बृज भूषण यादव संयुक्त मंत्री पद पर जमशेद अंसारी, इमामुद्दीन, प्रमोद राय, अज्ञातशत्रु संगठन मंत्री पद पर संदीप सिंह, इरफान अहमद, अरविंद सिंह प्रचारमंत्री के पद पर संदीप मिश्र और अजीत यादव संम्पेक्षण के लिए अखिलेशसिंह और संतोष जबकि मिडिया प्रभारी के राजीव राय और प्रवीण सिंह निर्वाचित हुए।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, एक की मौत व तीन जख्मी

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के गड़वार नगरा मार्ग चोगड़ा पुलिया के समीप गड़वार की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे ट्रैक्टर पर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। गंभीर अवस्था को देखते हुए तीन लोगों को चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं एक का इलाज जिला अस्पताल में भी चल रहा है।

हालांकि घटना के बाद लोगों ने कुरेजी चट्टी पर चक्का जाम किया था। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हो सका। वहीं, मृतका के परिवार वालों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। बताया जाता है कि चोगड़ा पुलिया के समीप रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी निवासी विनोद राम की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

वहीं, ट्रैक्टर पर सवार हल्दी थाना क्षेत्र के पिंडारी निवासी जय राम, कुरेजी निवासी श्री प्रसाद, अजीत राम व छांगुर राम गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए श्री प्रसाद, अजीत व जयराम को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं छांगुर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जिसकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वहां पहुंचे और लोगों को सझा-बुझाकर शांत कराया। इधर, घटना के बाद मृतक की पत्नी जोनिया देविका रोते-रोते बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक की दो बेटियों एक बेटा हैं।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी घायल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

- वाराणसी के शातिर अपराधी के पास से तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद पुलिस ने 25,000 के इनामी अपराधी को मुठभेड़ में घायल करने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से जनपद में बढ़ते अपराध की रोकथाम में बड़ी नकेल लग सकती है। पुलिस के मुताबिक लूट व चोरी की विभिन्न घटनाओं में शामिल वांछित अपराधी से पूछताछ के बाद उसे चालान कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने के निर्देश पर जिले के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जा रही है। शनिवार की रात नगसर थाने की पुलिस रेलवे क्रॉसिंग के पास चेकिंग कर रही थी। करीब 10:30 बजे रात्रि में एक अज्ञात बाइक सवार तेज गति से आ रहा था। जिसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक सवार ने रफ्तार बढ़ा ली। वह पुलिस जवानों पर फायरिंग करते हुए दिलदारनगर की ओर भागा। जिसकी सूचना थानाध्यक्ष नगसर द्वारा कंट्रोल रूम को दी और बदमाश का पीछा किया।


पुलिस हिरासत में जख्मी बदमाश

कंट्रोल रूम की सूचना पर दिलदारनगर थाना क्षेत्र की स्वाट टीम व स्थानीय थाना की पुलिस ने रक्सहां मोड़ पर बदमाश को घेर लिया। अपने को घिरा हुआ देखकर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। बदमाश की फायरिंग के जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम वाराणसी जनपद सिंधौरा थाना अंतर्गत गरथहां निवासी शिव पूजन का बेटा जितेंद्र कुमार बताया। दिलदारनगर थाना का वांछित तथा 25,000 रुपये का इनामी अपराधी है। पुलिस को उसके पास से एक तमंचा, 315 बोर तीन खोखा, कारतूस 315 बोर व एक बाइक स्पेंलडर बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि उसके ऊपर वाराणसी, जौनपुर, भदोही, चंदौली जनपद के विभिन्न थानों में कुल 18 मामले दर्ज हैं।

### विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बलिया आई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा, भाजपा पर तीखा प्रहार

# भाजपा को सत्ता से हटाने में मील का पत्थर साबित होगी भारत जोड़ो यात्रा

- प्रदेश महासचिव ने कहा - कांग्रेस को मिल रहा लोगों का समर्थन

**केटी न्यूज/बलिया**


भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता

राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा चलाए जाने के समर्थन में उत्तर प्रदेश में भी कई भागों में भारत जोड़ों यात्रा चलाई जा रही है। इसी क्रम में पूर्वी जोन अध्यक्ष विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में 11 दिसंबर को बलिया आई भारत जोड़ों यात्रा के सदस्यों ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल पांडेय के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पद यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद पदयात्रा स्वर्गीय जगरनाथ चौधरी की मूर्ति, तारकेश्वर पांडेय की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भवन पहुंची। इस दौरान यात्रा का आमजन ने जगह-जगह स्वागत किया। पूर्वी जोन के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत जोड़ो नफरत छोड़ो के नारे के साथ देश से जातिवाद भेदभाव मिटाने के लिए सामाजिक समरसता कायम करने के लिए सब को एक दूसरे से जोड़ने के लिए और बढ़ी हुई महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ों यात्रा अपने आप में एक इतिहास कायम करेगा और आने वाले समय में आताताई सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा को हटाने में मील का पत्थर साबित होगी।

प्रदेश महासचिव मनिंदर मिश्रा ने कहा कि आमजन के अलावा महिलाओं, किसानों, नौजवानों व बेरोजगारों का लगातार समर्थन बढ़ता जा रहा है। देश की सरकार से जनता ऊब चुकी है। वक्त आ गया है कि एक इतिहास कायम किया जाए। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश की भी हालात काफी खराब है, जनता सरकार के खिलाफ आक्रोश में है। हम सिर्फ जोड़ने का काम करते हैं। हम तोड़ने का और सौहार्द बिगाड़ने का कार्य नहीं करते है। रविवार की पदयात्रा में मुख्य रूप से कैलाश चौहान सचिव, राजेंद्र चौधरी, विनोद सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, बृजेश गाट, गीता गोयल, जनार्दन यादव उमाशंकर पाठक, ओम प्रकाश तिवारी, ओमलता, मदन यादव, जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, रूपेश चौबे, हृदयानंद पांडेय, अजीत धुसिया, विशाल चौरसिया, बैजनाथ राम, संतोष चौबे, फूल बदन तिवारी, मुन्ना उपाध्याय, विक्की सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अंजनी चौबे, विवेक ओझा, अभिजीत सिंह, अनुभव गोलू विवेक तिवारी, राजा, संतोष गोयल, मुखिया पांडेय, रामेश्वर तिवारी, हरिकेन्द्र सिंह, पीएन शुक्ला, उषा सिंह, सूर्यकांत यादव, अतुल प्रकाश यादव, रामधनी सिंह, रघुवीर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।